दिल्ली के निवासियों द्वारा पंजाब, हरियाणा और राजस्थान से प्राप्त हथियार-लाइसेंस

40. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :**
कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के अनेक निवासियों ने पिछले तीन वर्षों के दौरान विशेष रूप से पंजाब, हरियाणा और राजस्थान से हथियार-लाइसेंस प्राप्त कर लिए हैं, यद्यपि वे लाइसेंसधारी दिल्ली के रहने वाले हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या सरकार उपर्युक्त भाग (क) में मांगी गई जानकारी सभा पटल पर रखने का विचार रखती है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. चिदम्बरम्) : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) और (ग) 1986 के दौरान दिल्ली पुलिस ने दिल्ली के निवासियों के उन 244 मामलों का पता लगाया है जिन्होंने पड़ोसी राज्यों से हथियार लाइसेंस प्राप्त किए हैं । 180 लाइसेंस हरियाणा, 61 पंजाब तथा 3 राजस्थान से प्राप्त किये गए थे । 1984 तथा 1985 वर्षों के दौरान इस प्रकार का कोई भी मामला ध्यान में नहीं आया ।

दिल्ली में सीलमपुर पुलिस थाना में चोरियों और लूटपाट के पंजीकृत मामले

41. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :**
कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान दिल्ली पुलिस के अन्तर्गत सीलमपुर पुलिस थाने में चोरियों तथा लूटपाट के कितने मामले पंजीकृत किये गये ;

(ख) उनमें से ऐसे मामलों की वर्ष-वार संख्या कितनी है जिनकी अभी तक जांच नहीं की गई है और उनका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इन मामलों की जांच न किये जाने के क्या कारण हैं और इन मामलों के संबंध में कब तक जांच किये जाने की संभावना है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. चिदम्बरम्) : (क) और (ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान सीलमपुर पुलिस थाने में पंजीकृत लूटपाट और चोरी के मामलों का वर्षवार ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

	वर्ष	मामलों की संख्या
लूटपाट	1984	शून्य
	1985	1
	1986	3
चोरियां	1984	71
	1985	72
	1986	71

सूचित किए गए प्रत्येक मामले में शीघ्र जांच की जाती है ।

42. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :**

42. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :**
कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ समय पहले सशस्त्र लूटेरों ने पूर्वी दिल्ली में विशाल बूट हाउस, विक्टर शूज, बृहमपुरी मेन रोड में लूटपाट की थी और हवाई फायर भी किये थे ;

(ख) यदि हां, तो उस घटना का ब्यौरा क्या है और क्या यह भी सच है कि स्थानीय पुलिस उन सशस्त्र लूटेरों को अभी तक पकड़ने में असमर्थ है ;

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान सीलम-पुर पुलिस थाने में ऐसे कितने मामले दर्ज कराये गये और ऐसे मामलों की संख्या कितनी है जिनके संबंध में अभी तक जांच पड़ताल नहीं की गई; और

(घ) शेष मामलों की जांच में हो रहे विलम्ब के क्या कारण हैं और उन मामलों के संबंध में कब तक जांच पूरी हो जाने की संभावना है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. चिदम्बरम): (क) और (ख) मैसर्स विशाल कट हाउस, बृह्मपुरी मेन रोड के मालिक ने 31 जनवरी, 1987 को सूचित किया कि दो युवक उनकी दुकान में घुसे और रिवाल्वर दिखा कर जबरदस्ती लगभग 600 रु. ले गए । लेकिन कोई गोलीबारी नहीं हुई । भा. द. सं. की धारा 392/340 के अधीन थाना सीलमपुर में एक मामला दर्ज किया गया है ।

(ग) और (घ) पिछले तीन वर्षों में थाना सीलमपुर में सूचित लूटपाट के मामलों की संख्या निम्न प्रकार है :—

वर्ष	सूचित मामले
1984	--
1985	1
1986	2

इन मामलों की जांच पड़ताल पूरी हो गई है । इनमें 3 विचारण के लिए लम्बित हैं और एक को लापता के रूप में फाइल कर दिया गया है ।

Payment of salary to the employees of National Herald Management

43. SHRI K. GOPALAN:

SHRI V. GOPALSAMY:

Will the Minister of LABOUR be pleased to refer to the answer to Un-Otavrad Question 1372 given in the Rajya Sabha on the 18th November, 1986 and Kate:

(a) whether the workers of "National Herald" and "Quamj Awaz" have been paid their monthly wages/salaries since 19th April, 1986 by the management; and

(b) if not, what action has been taken against the management by the Delhi Administration?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LABOUR (SHRI P. A. SANGMA): (a) and (b) The matter relating to the non-publication of the Delhi editions of "National Hearld" and "Quami Awaz" has given rise to a dispute between the management ant; the Union as to whether the non-publication of the dailies can be attributed to the strike by workmen or lockout by the management and whether workmen are entitled to wages for the strike[Iockout period from 15-4-1980. As conciliation in the matter failed, the Delhi Administration hag referred the dispute for adjudication on 25-11-1986 to the Industrial Tribunal No. I, Delhi. The matter is sub-judice.

Trade between India and the United States

44. SHRI PARVATHANENI UPENDRA: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) what is the present volume of bilateral trade between India and the United States;

(b) whether there is any plan to increase substantially the volume of trade between the two countries dur ing 1987; and

(c) if so. what are the details there of?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI P. R. DAS MUNSHI): (a) to (c) India's non-oil exports during the last few years have continuously been showing a rising trend as may be seen from the following table:—